08/01/2026

आकाशवाणी ईटानगर

मुख्यमंत्री पेमा खांदू की अध्यक्षता में 2026 की पहली राज्य कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण नीतिगत फैसलों को मंजूरी दी गई। कैबिनेट ने शिक्षा विभाग में अट्ठावन पदों के सृजन को मंजूरी दी। इसके अलावा, चुनिंदा सरकारी कॉलेजों में सोशियोलॉजी, कॉमर्स एवं मास कम्यूनिकेशन पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए बारह असिस्टेंट प्रोफेसर पदों को मंजूरी दी गई। कैबिनेट ने फायर एंड इमरजेंसी सर्विसेज कर्मियों को 15, 20 और 30 साल की सेवा पूरी होने पर विशेष ग्रेड प्रमोशन को भी मंजूरी दी। कैबिनेट ने सात जिलों की उप-जेलों के लिए इक्यानबे पदों के सृजन को भी मंजूरी दी। कैबिनेट ने चौहत्तरवें संवैधानिक संशोधन के अनुरूप शहरी मामलों के विभाग के तहत शहरी स्थानीय निकायों के निदेशालय के गठन को मंजूरी दी। कैबिनेट ने पाक्के, नामदाफा और कामलांग टाइगर रिजर्व के लिए विशेष बाघ संरक्षण बल के भर्ती नियमों को भी मंजूरी दी। स्वास्थ्य सेवा में, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत भारत सरकार के उद्यम HLL लाइफकेयर लिमिटेड को चार सौ सत्ताइस स्वास्थ्य केंद्रों और इकाइयों में डायग्नोस्टिक इंफ्रास्ट्रक्चर (प्रयोगशालाएं) बनाने के लिए मंजूरी दी गई, जिसमें राज्य की सभी स्वास्थ्य सुविधाओं में प्रयोगशाला प्रबंधन सूचना प्रणाली का कार्यान्वयन भी शामिल है।

कैबिनेट ने वाइब्रेंट विलेजेज प्रोग्राम के तहत 40 मोबाइल मेडिकल यूनिट की खरीद को भी मंज़ूरी दी। कैबिनेट ने मौजूदा उन्नीस सौ इक्यानबे के अधिनियम की जगह अरुणाचल प्रदेश अग्नि और आपातकालीन सेवा विधेयक, 2025 को अधिनियमित करने के प्रस्ताव को मंज़ूरी दी। इस विधेयक को पारित करने हेतु अरुणाचल प्रदेश विधानसभा में भेजा जाएगा।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के छात्रों के एक समुह द्‌वारा नेशनल इंटीग्रेशन टूर के तहत राष्ट्रपति भवन का दौरा कर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। अरुणाचल प्रदेश के शी योमी जिले के मेचुखा स्थित गवर्मेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों एवं शिक्षकों का समुह गत 5 जनवरी से आगामी 16 जनवरी 2026 तक नेशनल इंटीग्रेशन टूर पर है। इस टूर का मकसद देश की समृद्ध विरासत के बारे में छात्रों को गहन जानकारी प्रादाना करना है।

0000000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चोउना मेन ने विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) VB-G RAM G को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक ऐतिहासिक, सुधारवादी, दूरदर्शी और परिवर्तनकारी पहल बताया।

उन्होंने कहा कि यह मिशन ग्रामीण आजीविका को मजबूत करने और स्थायी जमीनी स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा करने के प्रति प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इससे पहले मंगलवार को मुख्यमंत्री पेमा खांदू ने कहा कि VB-G RAM G से ग्रामीण परिवारों को लाभ सुनिश्चित होगें।

0000000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांदू द्वारा तवांग जिले के मोगतो स्थित चाकज़ाम ब्रिज के आसपास प्रस्तावित टूरिस्ट और हेरिटेज सेंटर के विकास के मास्टर प्लान की समीक्षा की गई। इसे कम्युनिटी-फर्स्ट हेरिटेज मॉडल के तौर पर विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोगतो में ऐतिहासिक चाकज़ाम ब्रिज, जिसे पारंपरिक रूप से एक बौद्ध भिक्षु थांगटोंग ग्यालपो से जोड़ा जाता है, जो 15वीं सदी में बनाया गया था, यह स्वदेशी इंजीनियरिंग और कम्युनिटी-ओरिएंटेड इंफ्रास्ट्रक्चर का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के बिचोम जिले की आचोम देगियो को साउथ एशियन फुटबॉल फेडरेशन - SAFF महिला फुटसल चैंपियनशिप 2026 के लिए भारतीय फुटसल टीम में चुना गया है। इससे पहले, उन्होंने U-18 और U-19 स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि यह शानदार उपलब्धि अरुणाचल प्रदेश के लिए बहुत गर्व की बात है। SAFF महिला फुटसल चैंपियनशिप आगामी तेरह से पच्चीस जनवरी तक खेली जाएगी।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के वाणिज्य और उद्योग मंत्री न्यातो दुकाम ने गुवाहाटी में राष्ट्रीय कपड़ा मंत्रियों के सम्मेलन में हिस्सा लिया। उन्होंने इस सम्मेलन को, केंद्र-राज्य साझेदारी को मज़बूत करने, निवेश, इनोवेशन और मार्केट एक्सेस पर रचनात्मक चर्चा बताया - जो भारत की दुनिया भर में प्रतिस्पर्धी टेक्सटाइल हब बनने की साझा महत्वाकांक्षा के अनुरूप है।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के अपर सुबनसिरी जिले के, दापोरिजो में टाउन मजिस्ट्रेट नुंगनु मारा के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा सभी फार्मेसियों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कई अनियमितताएं पाई गईं, जिनमें एक्सपायर्ड दवाएं रखना, बिना वैध ट्रेडिंग लाइसेंस फ़ार्मेसी चलाना और ज़रूरी कागज़ात पेश न करना शामिल है। जिला प्रशासन ने इन उल्लंघनों को गंभीरता से लेते हुए कानूनी प्रावधानों के अनुसार दोषियों के खिलाफ ज़रूरी कार्रवाई की।

जब्त की गई सभी एक्सपायर्ड दवाओं निप्टारा करते हुए जिला प्रशासन, दापोरिजो के सभी फार्मेसी मालिकों एवं व्यापारियों से लाइसेंसिंग नियमों और विनियमों का सख्ती से पालन करने के निर्देश जारी किए।

0000000000000000000000

छप्पनवे इन्फैंट्री डिवीजन लिकाबली मिलिट्री स्टेशन के सहयोग से डिस्ट्रिक्ट हेल्थ सोसाइटी, लोअर सियांग आगामी 16 जनवरी 2026 को गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल प्लेग्राउंड, लिकाबली में एक मेगा हेल्थ कैंप का अयोजन करने जा रही है। मेगा हेल्थ कैंप बोगुम आव फाउंडेशन और नॉर्थईस्ट फाउंडेशन फॉर हेल्थ एजुकेशन एंड लाइवलीहुड स्किल्स द्वारा समर्थन प्राप्त है।

0000000000000000000000